राजस्थान सरकार

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, सुजानगढ़ जिला चूरू (राज.)

राजस्व प्रार्थना–पत्र संख्या : 111/2025

निर्णय दिनांक : 15.07.2025

दायर दिनांक – 26.06.2025

GCMS 2025/231

1. मनोज कंवर पत्नी उम्मेदसिंह जाति राजपूत निवासी बाघसरा आथूणा तहसील सुजानगढ़ जिला चूरू

................प्रार्थी

बनाम

1. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार सुजानगढ जिला चूरू

................अप्रार्थी

प्रार्थना–पत्र धारा 136 एल आर एक्ट

–:निर्णय:–

संक्षिप्त में प्रार्थना–पत्र के तथ्य इस प्रकार हैं कि प्रार्थी द्वारा पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाडा स्थान बाघसरा आथूणा में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया। रोही बाघसरा तहसील सुजानगढ़ के राजस्व रिकॉर्ड में खाता संख्या नया 266 के खसरा संख्या 755/216 तादादी 4.9821 है0 हिस्सा 2/3 प्रार्थीनी की खातेदारी में दर्ज है। प्रार्थीनी के नाम राजस्व रिकॉर्ड में मनोहर कंवर दर्ज है जबकि प्रार्थिनी का सही नाम मनोज कंवर है। प्रार्थीनी के अन्य दस्तावेज यथा आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र आदि में प्रार्थीनी का नाम व पता सही अंकित है।

प्रार्थीनी का पता राजस्व रिकॉर्ड में गलत होने के कारण प्रार्थीनी को सरकारी लाभांश आदि प्राप्त करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जिसके कारण प्रार्थीनी की खातेदारी भूमि में प्रार्थीनी का नाम दुरस्त करवाना आवश्यक है।

प्रार्थीनी का खेत रोही बाघसरा तहसील सुजानगढ़ जिला चूरू में होने के कारण प्रार्थना पत्र का क्षेत्राधिकार व श्रवणाधिकार इस न्यायालय को प्राप्त है।

उप खण्ड अधिकारी

प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत होने पर दर्ज रजिस्टर किया गया। अप्रार्थी तहसीलदार सुजानगढ़ से प्रकरण में रिपोर्ट ली गई। जिस पर तहसीलदार सुजानगढ़ ने रिपोर्ट प्रस्तुत कर निवेदन किया कि प्रार्थीनी के दस्तोवजों आधारकार्ड, वोटर आईडी कार्ड आदि में सही नाम मनोज कंवर अंकित है। अतः तहसीलदार सुजानगढ़ द्वारा प्रार्थीनी का नाम राजस्व रिकॉर्ड में मनोहरकंवर की बजाय मनोज कंवर दुरस्त किये जाने की अभिशंषा की गयी।

पत्रावली तथा रिपोर्ट तहसीलदार सुजानगढ़ का अवलोकन किया गया। पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेज आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र में प्रार्थीनी का सही नाम मनोजकंवर अंकित है। अतः मुताबिक रिपोर्ट तहसीलदार सुजानगढ़ तथा संलग्न दस्तावेजात के अनुसार प्रार्थना–पत्र स्वीकार किया जाना न्यायोचित प्रतीत होने के कारण स्वीकार किया जाता है।

–:आदेशः–

प्रार्थना–पत्र प्रार्थीनी स्वीकार किया जाकर अप्रार्थी तहसीलदार सुजानगढ़ को आदेशित किया जाता है कि वादगत भूमि वाके रोही बाघसरा तहसील सुजानगढ़ में खाता संख्या नया 266 के खसरा संख्या 755/216 तादादी 4.9821 है0 तहसील सुजानगढ़ में दर्ज खातेदार मनोहरकंवर के स्थान पर मनोज कंवर दर्ज किया जावे। निर्णय की प्रति तहसीलदार सुजानगढ़ को पालनार्थ प्रेषित हो।

निर्णय आज दिनांक 15.07.2025 को टंकित करवाया जाकर सरेआम इजलास में सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी
सुजानगढ़